शनिवार
22 जुलाई 2023
डिजिटल संस्करण
# केशव टाइम्स
आपकी आवाज


गंगा में डूबने से पत्रकार के बेटे समेत तीन की मौत, एक गंभीर
3



विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर बक्सर में डा.यूके सिंह व डा. आर के झा के टीम के द्वारा दूरबीन विधी से प्रोस्टेट, जीबी स्टोन, किडनी स्टोन, अपेंडिक्स , हर्निया, बच्चेदानी, बवासीर, पेट में गांठ या ट्यूमर, ब्रेस्ट ट्यूमर आदि का सफल ऑपरेशन होता है।

मंदाकिनी सलिल चंदन चर्चिताय नंदीश्वर प्रमथनाथ महेश्वराय। मंदारपुष्प बहुपुष्प सुपूजिताय तस्मे मकराय नमः शिवाय।।



सावन महीने के पावन अवसर पर सभी जिलेवासियों एवं शिवभक्तों व कांवरियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

विश्वामित्र हॉस्पीटल

लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन

विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर,बक्सर
मोबाईल नम्बर - 9122950441



! मन छोड़ व्यर्थ की चिंता तू शिव का नाम लिए जा
शिव अपना काम करेंगे तू अपना काम किए जा,

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश में अल्प वर्षापात से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा की

# खेती के लिए 12 घंटे मिलेगी बिजली: सीएम

- मुख्यमंत्री ने कृषि कार्य के लिए किसानों को डीजल अनुदान सुनिश्चित कराने का दिया निर्देश
- जल संसाधन विभाग को नहरों के अंतिम छोर तक कृषि कार्य के लिए पानी पहुंचाने व लगातार मॉनीटरिंग करने का निर्देश



**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में मानसून की बेरुखी ने किसानों को परेशान कर दिया है। बारिश की कमी के कारण कई जिलों में धान की रोपनी तक नहीं हो पाई है। कहीं रोपनी हुई है तो पानी की कमी के कारण फसल मार खाने लगी है। मौसम की स्थिति को देखते हुए शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अल्प वर्षपात से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा की और किसानों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का अधिकारियों को निर्देश दिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भारत मौसम विज्ञान के प्रतिनिधि ने राज्य में वर्षपात की स्थिति की जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष जून माह में 85 मिलीमीटर वर्षपात दर्ज किया गया, जो सामान्य वर्षपात 163.3 मिलीमीटर से 48 प्रतिशत कम है। 1 जुलाई से 21 जुलाई की अवधि में 152.30 मिलीमीटर वर्षापात दर्ज किया गया जो इस अवधि के लिए निर्धारित सामान्य वर्षापात 242.4 मिलीमीटर से 47 प्रतिशत कम है। उन्होंने बताया कि 1 जून से 21 जुलाई तक की अवधि में 238.3 मिलीमीटर वर्षपात दर्ज किया गया, जो सामान्य वर्षापात 405.7 मिलीमीटर से 41 प्रतिशत कम है। 21 जुलाई से 27 जुलाई के बीच हल्की बारिश की संभावना है।

**चार जिलों में सामान्य बारिशः** वहीं, आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बताया कि अब तक बक्सर, किशनगंज, भागलपुर एवं अररिया में सामान्य वषार्पात हुई है। जबकि, 26 जिले- सीवान, सुपौल, रोहतास, अरवल, कटिहार, भोजपुर, औरंगाबाद, बांका, लखीसराय, भभुआ, मधुबनी, गया, जमुई, दरभंगा, शेखपुरा, वैशाली, मधेपुरा, पूर्णिया, नवादा, जहानाबाद, खगड़िया, मुंगेर, पटना, नालंदा, गोपालगंज एवं मुजफ्फरपुर में सामान्य से कम वर्षा ( -20 से -59 प्रतिशत तक विचलन) हुई है। राज्य के 8 जिले समस्तीपुर, सहरसा, सारण, बेगूसराय, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर एवं सीतामढ़ी में अल्प वषार्पात (-60 से - 99 प्रतिशत तक विचलन) की स्थिति रही है।

### सीएम ने किसानों को दिया हर संभव मदद का भरोसा

बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराएं, जिससे उन्हें कृषि कार्य में सहूलियत हो। संसाधनों की कमी नहीं होने दी जाएगी। राज्य के खजाने पर पहला अधिकार आपदा पीड़ितों का है। राज्य के 75 प्रतिशत लोगों की आजीविका का आधार कृषि है। कृषि कार्य के लिए किसानों को डीजल अनुदान और 12 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जल संसाधन विभाग को नहरों के अंतिम छोर तक कृषि कार्य के लिए पानी पहुंचाने और लगातार मॉनीटरिंग करने की भी बात कही।

**स्थिति पर नजर बनाये रखे आपदा विभाग:** उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव की अध्यक्षता में क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की सप्ताह में होनेवाली बैठक नियमित रूप से हो और हर स्थिति पर नजर बनाए रखें। जल संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों के क्रियान्वयन की सतत निगरानी करते रहें तथा सुनिश्चित करें कि लोगों के लिए पेयजल की उपलब्धता हमेशा रहे। उन्होंने कहा कि सभी संबद्ध विभाग पूरी तरह अलर्ट रहें। धान रोपनी समय पर हो जाए, इसके लिए जल संसाधन विभाग एवं लघु जल संसाधन विभाग सिंचाई हेतु आवश्यक प्रबंध करे। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण भी स्थिति पर नजर बनाये रखें।



### मुख्यमंत्री ने 34 अग्निशमन वाहनों को दिखाई हरी झंडी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को बिहार अग्निशमन सेवा के सुदृढ़ीकरण के लिए राज्य के अग्निशामालयों के लिए 34 अग्निशमन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये अग्निशमन वाहन 5 हजार लीटर वाटर टैंक क्षमता के हैं। इन वाहनों में 72 प्रकार के उपकरण लगे हैं जिनका आवश्यकतानुसार अग्निकांड की स्थिति में उपयोग होगा। इन अग्निशमन वाहनों को बिहार अग्निशमन सेवा में सम्मिलित किये जाने से कार्य क्षमता में और वृद्धि होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को पुलिस महानिदेशक, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवायें शोभा अहोतकर ने हरित पौधा भेंटकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने बिहार अग्निशमन सेवा के बहुआयामी विकास एवं उपलब्धियों पर आधारित एक बुकलेट का विमोचन किया।

## बीजेपी नेता की मौत पिटाई से नहीं, हार्ट अटैक से हुईः प्रशासन

- मौत की जांच के लिए गठित मेडिकल बोर्ड के विश्लेषण के बाद जिला प्रशासन ने जारी किया बयान
- विपक्ष के नेता विजय सिन्हा का आरोप पोस्टमार्टम रिपोर्ट के साथ की गई है छेड़खानी

**केटी न्यूज/पटना**

जिला प्रशासन ने गुरुवार की रात एक बयान जारी कर कहा कि बीजेपी नेता विजय सिंह की मौत की सटीक वजह का पता लगाने के लिए संस्थान की ओर से मेडिकल बोर्ड गठित किया गया था। विस्तृत विश्लेषण के बाद बोर्ड ने निष्कर्ष निकाला कि मौत दिल की बीमारी और उससे संबंधित अन्य जटिलताएं के कारण हुई थी। बयान में यह भी कहा गया है कि सीसीटीवी फुटेज से स्पष्ट है कि सिंह दोपहर एक बजकर 22 मिनट से एक बजकर 27 मिनट के बीच छज्जू बाग इलाके में बेहोश हुए, जबकि लाठीचार्ज की घटना डाकबंगला क्रॉसिंग इलाके में हुई। वहीं, इस मामले में बीजेपी ने मामले की उच्च स्तरीय स्वतंत्र जांच की मांग की है।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर की गई लीपापोती: सम्राट

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि विजय सिंह की मौत के बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर सरकार ने मामले में लीपापोती की है। सरकार पहले जो बोली थी वही रिपोर्ट में है। सम्राट चौधरी ने इसकी विस्तृत वीडियोग्राफी सार्वजनिक करने के साथ-साथ पोस्टमार्टम रिपोर्ट एम्स को सौंपने की मांग की। कहा कि इस मामले की जांच हाईकोर्ट के सीटिंग जज से करानी चाहिए। वहीं उन्होंने कहा कि 24 जुलाई से बीजेपी युवा मोर्चा के तहत पूरे बिहार में कार्यक्रम किए जाएंगे।

**नेता प्रतिपक्ष ने की उच्च स्तरीय जांच की मांग :** बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि विजय सिंह की मौत पुलिस लाठीचार्ज के कारण हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के साथ छेड़खानी की गई है। हम पीएमसीएच द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट की उच्च स्तरीय स्वतंत्र जांच की मांग करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सिंह की पोस्टमार्टम रिपोर्ट राज्य स्वास्थ्य विभाग के शीर्ष अधिकारियों के निर्देशों के आधार पर तैयार की गई है।

## नालंदा में डॉक्टर के घर में घुस 23 लाख की संपत्ति की चोरी

- खिड़की में लगे ग्रिल को तोड़ घर में घुसे थे चोर
- इसी मकान में 2017 को भी हुई डकैती की बड़ी घटना

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के नालंदा में एक घर को बदमाशों ने निशाना बनाकर 23 लाख की संपत्ति की चोरी कर ली। मामला लहेरी थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ी पहाड़ी शिक्षक नगर का है। मामले का खुलासा शुक्रवार को हुआ। चोरी की घटना रिटायर्ड इंजीनियर के मकान में किराए पर रह रहे डॉ. अजय कुमार के यहां हुई है। डॉ. अजय ने बताया कि वह रात में करीब 12:30 बजे तक जागे हुए थे। वह अपने बेडरूम में नहीं सोकर एसी वाले कमरे में सोने के लिए चले गए। सुबह उठकर जब वह अपने बेडरूम वाले कमरे में पहुंचे तो अंदर से कमरा लॉक था। जब वह घर से बाहर निकल कर आए तो दिखा कि खिड़की में लगा ग्रिल टूटा हुआ है।

डॉ. अजय ने बताया कि किसी तरह से कमरे का दरवाजा खोला गया और जब अंदर जाकर देखा तो स्टोरवेल को तोड़ बदमाशों ने करीब 15 लाख के जेवरात और आठ लाख नकदी को चोरी कर लिया था। कीमती सामान की भी चोरी कर ली गई। इसके बाद घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। उक्त मकान में 20 जनवरी 2017 को भी डकैती की बड़ी घटना हुई थी। दरअसल, पूरा परिवार अन्य कमरों में सोया हुआ था। बीती रात चोरी की घटना हुई। बावजूद परिवार वालों को इसकी भनक तक नहीं लगी।

## ज्ञानवापी मामले में कोर्ट ने एएसआई सर्वे को दी मंजूरी

**वाराणसी।** वाराणसी कोर्ट ने ज्ञानवापी सर्वे के पक्ष में फैसला सुनाया है। कोर्ट ने एएसआई के सर्वे को मंजूरी दे दी है, विवादित हिस्से को छोड़ कर पूरे परिसर की एएसआई सर्वे को मंजूरी मिली है। ज्ञानवापी मस्जिद मामले में हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील विष्णु शंकर जैन ने बताया कि अदालत ने वजू टैंक को छोड़कर, जिसे सील कर दिया गया है, ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का एएसआई सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया है। इस सर्वे की रिपोर्ट जिला जज को 4 अगस्त को देगा। सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के अंदर पाए गए कथित शिवलिंग के वैज्ञानिक सर्वेक्षण और कार्बन-डेटिंग की अनुमति देने वाले इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्देशों पर रोक लगाई थी।

## मानहानि मामले में पूर्णेश मोदी और गुजरात सरकार को नोटिस

**एजेंसी/नई दिल्ली**

मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने शिकायतकर्ता पूर्णेश मोदी और गुजरात सरकार को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 4 अगस्त को होगी। मोदी उपनाम वाले लोगों की मानहानि मामले में राहुल को 2 साल की सजा मिली है। इसके चलते उनकी संसद सदस्यता रद्द हो गई है. यह सदस्यता तभी बहाल हो सकती है, जब उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगे।

गुजरात हाई कोर्ट से राहत न मिलने के चलते सुप्रीम कोर्ट पहुंचे राहुल की याचिका आज जस्टिस बी आर गवई और प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच में सुनवाई के लिए लगी। सुनवाई की शुरूआत में जस्टिस गवई ने कहा कि उनके पिता के कांग्रेस पार्टी से करीबी संबंध थे। उनके भाई आज भी कांग्रेस के सदस्य हैं। ऐसे में दोनों पक्षों के वकील बताएं कि उन्हें सुनवाई करनी चाहिए या नहीं। पूर्णेश मोदी के लिए पेश वरिष्ठ वकील महेश जेठमलानी ने कहा कि उन्हें इस ओर कोई आपत्ति नहीं। राहुल गांधी के लिए पेश अभिषेक मनु सिंघवी ने भी जेठमलानी से सहमति जताई। इसके बाद कोर्ट ने नोटिस जारी करते हुए सुनवाई की अगली तारीख तय कर दी।

**क्या है मामला:** 2019 में राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आईपीएल के पूर्व कमिश्नर ललित मोदी और भगोड़े कारोबारी नीरव मोदी की तुलना करते हुए विवादित बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि सभी चोरों का नाम मोदी ही क्यों होता है।

हर-हर महादेव, हर-हर महादेव, हर-हर महादेव

सावन के पावन महीने के अवसर पर सभी बिहारवासियों, बक्सर जिलेवासियों, शिवभक्तों व कांवरियों को शुभकामनाएं।



किस्मत लिखने वाले को भगवान कहते हैं और बदलने वाले को भोलेनाथ कहते हैं।



धीरज ओझा
युवा सामाजिक कार्यकर्ता
बक्सर

### दिल्ली पहुंचे श्रीलंका के राष्ट्रपति रनिल विक्रमसिंघे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की मुलाकात

# भारत की प्रगति का पड़ोसी देशों को होगा फायदा: विक्रमसिंघे

**एजेंसी/नई दिल्ली**



श्रीलंका के राष्ट्रपति रनिल विक्रमसिंघे पदभार ग्रहण करने के बाद पहली भारत यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे हैं। शुक्रवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी के साथ उन्होंने द्विपक्षीय मुलाकात की और दोनों नेताओं की मौजूदगी में दोनों देशों के बीच विभिन्न समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। इनमें विद्युत ग्रिड को जोड़ने के काम को तेज करने, एक आर्थिक और टेक्नोलॉजी करार पर बातचीत शुरू करने, एक पेट्रोलियम पाइपलाइन के लिए व्यवहार्यता अध्ययन करने और दोनों पड़ोसियों के बीच संपर्क को मजबूत करने के लिए आपसी विश्वास और समझ शामिल है। मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने कहा कि पिछला 1 वर्ष श्रीलंका के लोगों के लिए चुनौतियों से भरा रहा है। एक करीबी मित्र होने के नाते हमेशा की तरह हम इस संकट के काल में भी श्रीलंका के लोगों के साथ खड़े रहे और जिस साहस के साथ उन्होंने इस चुनौतियों का सामना किया मैं इसके लिए उनका अभिनंदन करता हूं।

पीएम मोदी ने कहा, हमारा मानना है कि भारत-श्रीलंका के सुरक्षा और विकास हित एक दूसरे से जुड़े हैं और इसलिए ये आवश्यक है कि हम एक दूसरे की सुरक्षा और संवेदनाओं को ध्यान में रखते हुए साथ मिलकर काम करें। दोनों नेताओं की मुलाकात के दौरान विजन डॉक्यूमेंट को अपनाया गया। पीएम मोदी ने कहा, यह विजन दोनों देशों के लोगों के बीच समुद्री, वायु, ऊर्जा और लोगों से लोगों के बीच संपर्क को मजबूत करना और पर्यटन, बिजली, व्यापार, उच्च शिक्षा और कौशल विकास में आपसी सहयोग को तेज करना है। यह श्रीलंका के प्रति भारत की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का दृष्टिकोण भी बनाता है। वहीं श्रीलंकाई राष्ट्रपति रनिल विक्रमसिंघे ने कहा, पदभार ग्रहण करने के बाद यह मेरी भारत की पहली यात्रा है। मैंने प्रधानमंत्री मोदी को श्रीलंका के सामने आने वाली चुनौतियों और हमारे द्वारा किए गए सुधारों से भी अवगत कराया है। कहा कि हमारा मानना है कि भारत की प्रगति उसके पड़ोसियों और हिंद महासागर क्षेत्र के लिए फायदेमंद है।

## खबरें फटाफट

### चोरी का ट्रैक्टर और बाइक बरामद

**जहानाबाद।** मखदुमपुर थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के रामपुर कचना गांव में छापेमारी कर चोरी का ट्रैक्टर और बाइक को जब्त कर थाने लाया गया। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष रवि भूषण ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली के सड़क किनारे बधार में एक ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल लावारिस हालत में पड़ी है। जिसे जब्त कर पुलिस ने थाने लाकर पड़ताल किया तो पता चला कि झारखंड के पलामू जिला से स्वराज ट्रैक्टर कुछ दिन पूर्व चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया था जो मखदुमपुर के कचनामा रामपुर गांव में बरामद हुआ है। वहीं, बरामद बाइक के बारे में उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व पटना जिले के पत्रकार नगर थाना क्षेत्र से होंडा शाइन बाइक की चोरी हुई थी उसे भी बरामद कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि बरामद दोनों बहनों वाहनों के मालिक से संपर्क किया जा रहा है। साथ ही, चोर की पहचान करने में पुलिस जुट गई है।

### दिव्यांगों के बीच ट्राइ साइकिल का वितरण

**जहानाबाद।** मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना सम्बल, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रमद्ध के अधीन बैट्री चालित ट्राई-साईकिल के लिए ऑन-लाइन प्राप्त आवेदनों में से कुल 148 योग्य दिव्यांगजनों को चिन्हित किया गया है। उक्त योजनान्तर्गत पहले आओ पहले पाओ नियमानुसार पूर्व के चयनित दिव्यांगजनों में से शेष बचे 30 दिव्यांगजनों के बीच शुक्रवार को अब्दुल बारी नगर भवन में नि:शुल्क बैट्री चालित ट्राई-साईकिल वितरण जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने किया। साथ ही, नि:शुल्क बैट्री चालित ट्राई-साईकिल पाये जाने वाले दिव्यांगजनों को बैट्री चालित ट्राई-साईकिल चलाने का प्रशिक्षण भी दिया गया। उक्त अवसर पर सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग-सह-जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, जहानाबाद भी उपस्थित थे।

## एमडीए के लिए चिह्नित प्रखंडों में चलाया जाएगा व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार

# चौसा व राजपुर को छोड़ शेष 9 प्रखंडों में चलाया जाएगा एमडीए अभियान: सीएस

**केटी न्यूज/बक्सर**

फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर जिले में 10 अगस्त को शुरू होने सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) कार्यक्रम को लेकर अटकलें समाप्त हो गई हैं। एमडीए अभियान को लेकर नाइट ब्लड सर्वे (एनबीएस) की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा था। जो राज्य मुख्यालय को भेजा जा चुका है। एनबीएस की रिपोर्ट के अनुसार जिले के दो प्रखंडों चौसा और राजपुर में माइक्रो फाइलेरिया रेट निर्धारित संख्या से कम मिले। जिसके कारण इन दोनों प्रखंडों को छोड़कर शेष सभी 9 प्रखंडों में एमडीए अभियान चलाया जाएगा। इसको लेकर जिला स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद सिन्हा लगातार इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। ताकि, किसी भी स्तर से कोई कमी न होने पाए। वहीं, दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग और सहयोगी संस्थानों द्वारा एमडीए के लिए चयनित प्रखंडों में व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार और जागरूकता अभियान चलाने की तैयारी की जा रही है। जिससे लोगों में एमडीए को लेकर जागरूकता आए और वे दवाओं का सेवन कर इसे सफल बनाने में सहयोग करें।



■ दो प्रखंडों में नहीं मिले मानक के अनुरूप माइक्रो फाइलेरिया के मामले

### एमएफ रेट के अनुसार 9 प्रखंडों का हुआ चयन

सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद सिन्हा ने बताया, केंद्र सरकार के गाइडलाइन के अनुसार एमडीए के पूर्व एनबीएस के लिए सभी प्रखंडों में दो-दो साइट्स बनाए गए थे। जिसमें एक रैंडम और एक सेंटिनल साइट का चयन किया गया था। जिन पर 300-300 सैंपल लिए गए। साथ ही, लिए गए सैंपल्स की जांच के बाद वहां माइक्रो फाइलेरिया रेट निकाला गया। जिसके बाद जिन प्रखंडों में एमएफ रेट एक प्रतिशत से अधिक आए हैं, वहां एमडीए अभियान चलाने की तैयारी की जा रही है। इस क्रम में एनबीएस की रिपोर्ट के तहत अब जिले के सदर प्रखंड, इटाढ़ी, डुमरांव, ब्रह्मपुर, नावानगर, सिमरी, केसठ, चौगाई व चक्की प्रखंड में एमडीए अभियान चलाया जाएगा। जिसको लेकर तैयारियां प्रगति पर हैं। उन्होंने बताया कि एमडीए अभियान के दौरान लोगों को अल्बेंडाजोल और डीईसी की दवा खिलाई जाएगी। जिसका सभी अनिवार्य रूप से सेवन करें और जिले को फाइलेरिया से मुक्त बनाएं।

**डेंगू व चिकनगुनिया से बचाव के लिए किया जाएगा जागरूक :** जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया, आगामी 10 अगस्त से प्रारम्भ होने वाले फाइलेरिया सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम हेतु घर-घर जाकर दवा खिलाने का कार्य किया जाएगा। इस क्रम में राज्य वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार के निर्देश पर लोगों को डेंगू एवं चिकनगुनिया से बचाव के लिए भी जागरूक किया जाएगा। इसके लिए एमडीए अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा सुझाव दिए जाएंगे। लोगों को बताया जाएगा कि घर के अंदर टूटे फूटे बर्तन, कूलर, एसी, फ्रिज के पानी निकासी ट्रे, पानी टंकी के साथ घर के अंदर एवं अगल-बगल में पानी जमा न होने दें। यदि पानी जमा है तो पानी को गिरा दें। जमा पानी में मिट्टी का तेल, डीजल या कीटनाशक दवा डालें। गमला, फूलदान इत्यादि का पानी हर दूसरे दिन बदलें। दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। बीमारी के लक्षण दिखने पर बिना समय गंवाए सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जाए एवं चिकित्सक से सम्पर्क करें। डेंगू का निःशुल्क जांच एवं उपचार की सुविधा सभी स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध है।

## आरा में पानी लेकर चढ़ने के दौरान ट्रेन से गिरकर महिला इंजीनियर की मौत

**केटी न्यूज/आरा**



रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन स्थित आरपीएफ पोस्ट के समीप शुक्रवार की सुबह ट्रेन से गिरकर एक महिला इंजीनियर की मौत हो गयी। चढ़ने के दौरान पैर फिसलने के कारण वह गिर पड़ी और ट्रेन की चपेट में आ गयी। मृतका रोहतास के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के मतुली गांव निवासी देवेंद्र सिंह की बेटी अभिलाषा थी। जो पटना स्थित एक प्राइवेट कंपनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत थी। मृतका के जीजा शिबू सिंह ने बताया कि वह दो दिन पूर्व छुट्टी में पटना से अपने गांव आयी थी। शुक्रवार की सुबह वह अपने बड़ी बहन की बेटी के साथ ट्रेन से पटना लौट रही थी। ट्रेन आरा स्टेशन के तीन नंबर प्लेटफार्म पर खड़ी थी। उस दौरान वह पानी लेने के लिए उतरी थी, तभी ट्रेन खुल गयी। उसे देख वह दौड़कर ट्रेन पर चढ़ने लगी। उसी दौरान उसका पैर फिसल गया और गिर पड़ी। उससे ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। उसके बाद उसके साथ रही उनकी बेटी ने फोन कर परिजनों को सूचना दी गयी। सूचना मिलने पर परिजन पहुंचे। रेल पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

## खेत में काम करने गए किसान की पोखरे में नहाने के दौरान डूबने से मौत, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के ओसाई गांव मोहन बाबा के स्थान स्थित पोखरा में डूबने से खेत में काम करने गए एक किसान की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। मृतक ओसाई गांव निवासी अलीआर राम के 50 वर्षीय पुत्र त्रिलोकी राम थे। उनके बेटे अमरजीत राम ने बताया कि गुरुवार की शाम वह घर से गांव में ही स्थित खेत में खेत पटाने गए थे। उसी बीच वह खेत पटाने के बाद गांव के मोहन बाबा के स्थान स्थित पोखरा में नहाने चले गए। जहां नहाने के दौरान वह फिसल कर पोखरे में डूब गए।



जिससे उनकी मौत हो गई। जब देर शाम वह घर वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने काफी खोजबीन की। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया था।

शुक्रवार की सुबह स्थानीय ग्रामीणों ने पोखरे उनका शव उतराता देखा। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से उनके शव को पोखरे से बाहर निकाला गया। जिसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने एक भाई व एक बहन में छोटे थे एवं अपने मां बाप की करते चिराग थे। मृतक के परिवार में पत्नी फूलकुमारी देवी, चार बेटी सरिता, कविता, संजू, मंजू व दो बेटे अमरजीत राम एवं इंदल राम है। हादसे के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। वहीं इस हादसे के बाद मृतक की पत्नी फूलकुमारी देवी एवं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## एक नजर

### मणिपुर में हुई घटनाओं को लेकर लोगों में आक्रोश

**जहानाबाद।** सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया कम्युनिस्ट के नेतृत्व में मणिपुर महिलाओं के साथ बलात्कार की घटना व उनको सड़कों पर नंगा जनता के बीच में घुमाने के खिलाफ विरोध सभा किया गया। वहां कई महीनों से सांप्रदायिक उन्माद फैलाने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। कितने सारे लोगों को जाति धर्म के नाम पर खून बहा दिया गया। वहीं, कितने ही लोगों के घर जला दिए गए। इस प्रकार की अमानवीय घटनाएं लगातार वहां घट रही हैं और महिलाओं के साथ अमानवीय व्यवहार कर अत्याचार की सीमा लांघ दी गई। जो मानवता का शर्मसार करने वाली घटना है। इस तरह से महिलाओं को नंगा सड़कों पर घुमाना दरिंदगी का अंतिम परिचय दिया गया। अगर दुनिया में जहां भी सही इंसान है वैसे मामले का जरूर विरोध करेंगे और दोषियों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग करें। साथ ही, समाज में ऐसी घटनाएं न घटे इसको लेकर अरवल मोड़ जहानाबाद उपस्थित होकर विरोध सभा के माध्यम से ऐसे घटना पर रोक लगाने की आम जनता से अपील की गई। ताकि, समाज में सब की मां-बहने सुरक्षित रह सकें। इस तरह की घटना यह दर्शा रही है कि समाज में पूंजीवादी व्यवस्था मरणासन्न स्थिति पर चल रही है जहां मनुष्य का कोई मूल्य नहीं है एवं लोग यहां सुरक्षित नहीं है। ऐसी हालात में इंसानियत का परिचय देते हुए समाज में इंसानियत से जुड़े मामलों का ख्याल रखने की जरूरत है। आज समाज में शिक्षा स्वास्थ्य सुरक्षा महिलाओं छात्राओं के बढ़ते अपराध जैसे मामले को देखने की जरूरत है। लेकिन पूरी दुनिया की सरकार ऐसे मामले को नजरअंदाज करते हुए जुल्म अत्याचार का बढ़ावा दिया जा रहा है।





### रोजगार मेले में 2000 अभ्यर्थियों ने लिया हिस्सा

**जहानाबाद।** वर्तमान बिहार सरकार ने प्रगतिशिल सोच के सार्थक तौर पर एवं व्यावसायिक रूप एवं आयाम देने के उदेश्य से जिला स्तरीय नियोजन-सह-व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिससे जिले के अधिक बेरोजगारों को लाभ मिल सकें। इस क्रम में शुक्रवार को गांधी मैदान में जिला स्तरीय नियोयजन सह व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर घोषी विधान सभा सदस्य रामबली सिंह यादव, जिलाधिकारी रिची पाण्डेय, उप विकास आयुक्त परितोष कुमार, निदेशक डीआरडीए पंकज कुमार घोष एवं श्रम अधीक्षक शशि शेखर ने दीप प्रज्वलित कर जिला स्तरीय नियोजन-सह- मार्गदर्शन मेले का उद्घाटन किया। इस मेले में लगभग 2000 अभ्यर्थियों ने भाग लिया जिनमें कुल 1139 अभ्यर्थियों नें 26 कम्पनियों के यहां बायोडाटा दिया। उनमें से 661 अभ्यर्थियों को परीक्षा, साक्षात्कार के अगले दौर के लिये शॉर्टलिस्ट किया गया। जिसमें डीआरसीसी, श्रम विभाग, उद्योग केन्द्र, जीविका, आरसेटी कुल 05 विभागों के द्वारा स्टॉल लगाया गया और 377 अभ्यर्थियों को अपने विभाग की योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। जिला पदाधिकारी ने नियोजन मेले की आवृति को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही बदलते परिवेश के अनुरूप कौशल के लगातार उन्नयन के लिए अभ्यर्थियों को प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने यह बताया कि जहानाबाद में स्किल सर्वे कराया गया है। ताकि युवाओं की आकांक्षा के अनुरूप उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। घोषी विधानसभा सदस्य रामबली सिंह यादव ने नियोजन मेला के माध्यम से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाने पर हर्ष प्रकट किया। उन्होंने युवाओं से अपिल किया कि जीवन में हमेशा सही मार्ग का चुनाव करें भले ही प्रारंभ में अवसर छोटे हो।






## खबरें फटाफट

### तमंचे पर डिस्को का वीडियो वायरल जांच में जुटी पुलिस



**सिमरी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बलिहार गांव निवासी एक युवक का नाच पार्टी के दौरान पिस्टल लहराने व हर्ष फायरिंग का एक वीडियो वायरल हुआ है। सोसल मीडिया के विभिन्न साइटो पर वायरल हुए इस वीडियो के बाद पुलिस ने इस पर संज्ञान लिया है। जानकारी के अनुसार वायरल वीडियो में बलिहार निवासी भुअर सिंह एक नाच पार्टी में स्टेज पर चढ़ नर्तकी के साथ डांस करने लगे। इस दौरान वे अपने एक हाथ में पिस्टल लिए थे दूसरे हाथ से नोट उड़ा रहे थे। नोट उड़ाने के बाद हर्ष फायरिंग भी किया गया। इसका वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है। वीडियो के सही पाए जाने पर आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

### फरार हो गई थी देह व्यापार में गिरफ्तार महिला पुलिस ने दबोचा

**बक्सर।** बुधवार को सिमरी में सेक्स रैकेट के उद्भेदन के दौरान गिरफ्तार हुई महिला गुरूवार को बक्सर कोर्ट में पेशी के बाद चकमा दे फरार हो गई थी। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया था। महिला के पुलिस कस्टडी से फरार होने की खबर मिलते ही डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी बक्सर पहुंच जांच पड़ताल शुरू कर दिए। उनके नेतृत्व में घंटो चली छापेमारी में महिला को फिर से गिरफ्तार कर लिया गया। बता दें कि सिमरी थाना क्षेत्र के स्थानीय बकुलहा पट्टी के एक निजी मकान में चल रहे सेक्स रैकेट के धंधा को बुधवार को पुलिस ने उद्भेदन किया था, जिसमें संचालक समेत आधा दर्जन महिला-पुरुषों की गिरफ्तारी हुई थी। गुरूवार को सुबह उसे कोर्ट में पेशी के बाद पुलिस उसे जेल ले जा रही थी। इसी दौरान महिला बाथरूम जाने का झांसा दे फरार हो गई। हालांकि बाद में उसके फिर से गिरफ्तार होने से पुलिसकर्मियों ने राहत की सांस ली।

### बसपा के कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने पर हुई चर्चा

**बक्सर।** शुक्रवार को बहुजन समाज पार्टी के जिला इकाई की एक बैठक जिला अध्यक्ष सुभाष गौतम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संचालन जेपी यादव ने किया। बक्सर नगर भवन में 7 अगस्त को होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन पर चर्चा हुई। इसे सफल बनाने के लिए सभी ने अपनी प्रतिबद्धता दुहराई।

**दु:खद:** बक्सर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित कृतपुरा के पास हुई घटना, एक की हालत गंभीर

# गंगा में डूबने से पत्रकार के बेटे समेत तीन की मौत

- दशकर्म के बाद गंगा स्नान करने के दौरान परिजनों के सामने ही डूबे थे चारों
- हादसे में डुमरांव के प्रभात खबर के पत्रकार मनोज मिश्र के बेटे की भी चली गई जान
- सभी मृतक आपस में रिश्तेदार

**केटी न्यूज/बक्सर**





शुक्रवार को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कृतपुरा के पास गंगा में डूबने से एक युवक व दो किशोरों की मौत हो गई। जबकि चौथे को बचा लिया गया है। उसकी हालत भी गंभीर बनी हुई है। सदर अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए बनारस रेफर कर दिया गया है। घटना शुक्रवार को 11 बजे से 11.30 के बीच की है। मृतकों में सभी आपस में रिश्तेदार हैं तथा परिवार में एक वृद्ध महिला की मौत के बाद दशकर्म करवाने गंगा किनारे गए थे। इसी दौरान एक युवक व चार किशोर गंगा में नहाने उतरे। नहाने के दौरान ही गहरे पानी में चले जाने से सभी डूबने लगे। आस पास में मौजूद परिवार तथा रिश्तेदारी के करीब 20-25 लोग थे। जिनमें तीनों मृतकों के पिता भी थे। लोगों ने उन्हें बचाने का भरपूर प्रयास किया। लेकिन तबतक बहुत देर हो चुकी थी।

इस घटना में डुमरांव के प्रभात खबर के पत्रकार मनोज मिश्र उर्फ बब्लू मिश्र के 18 वर्षीय पुत्र विकास मिश्र के साथ ही लक्ष्मीपुर के संजय मिश्र के 14 वर्षीय पुत्र सत्यम मिश्र तथा उत्तर प्रदेश के मुगलसराय के चुपेपुर के धनंजय मिश्र के 10 वर्षीय पुत्र प्रियांशु कुमार की मौत हो चुकी है। जबकि धनंजय मिश्र के 15 वर्षीय पुत्र प्रिंस की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे बनारस रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही सदर एसडीओ धीरेन्द्र कुमार मिश्र व मुफस्सिल थानाध्यक्ष राहुल कुमार मौके पर पहुंच जांच पड़ताल में जुट गए तथा तीनों शवो को कब्जे में ले पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने भरे मन से बक्सर के मुक्तिधाम चरित्रवन घाट पर तीनों का एक ही साथ अंतिम संस्कार किए।

### संजय मिश्र की मां के श्राद्धकर्म में आए थे सभी रिश्तेदार



जानकारी के अनुसार लक्ष्मीपुर के संजय मिश्र की मां कालिंदी देवी का निधन 10 दिन पहले हुआ था। शुक्रवार को दशकर्म था। परिवार के लोग गांव से करीब एक किलोमीटर दूर स्थित गंगा के स्थानीय घाट पर दशकर्म कराने पहुंचे थे। जिसमें संजय के इकलौते पुत्र सत्यम 14 वर्ष, उनके बड़े बहनोई तथा डुमरांव से प्रभात खबर के पत्रकार मनोज मिश्र के छोटे पुत्र विकास 18 तथा उनके छोटे बहनोई यूपी के चुपेपुर के धनंजय मिश्र के दोनों बेटे प्रियांशु 10 वर्ष व प्रिंस 15 वर्ष भी गए थे। जिस वक्त संजय तथा उसके पिता धीरेन्द्र मिश्र के अलावे परिवार के अन्य सदस्य मुंडन करा रहे थे उसी दौरान चारों नहाने के लिए गंगा में उतर गए तथा डूबने लगे। जिसे देख दशकर्म में शामिल लोगों के अलावे घाट पर मौजूद लोगों ने एक दूसरे का हाथ पकड़ उन्हें बचाने की कोशिश की लेकिन नाकाम रहे। एक युवक तथा दो किशोरों की लाशें ही बाहर आई, जबकि चौथा बच निकला। वही जानकारों का कहना था कि कुल पांच लड़के नहा रहे थे। डूबने के दौरान एक किसी तरह बचकर निकल आया तथा उसी ने शोरगुल कर परिजनों को इसकी जानकारी दी।

### शव आते ही मची चित्कार



लक्ष्मीपुर स्थित संजय मिश्र के पैतृक घर जैसे ही मृतकों का शव पहुंचा तो वहां चित्कार मच गया। घर की महिलाएं शव से लिपट रो रही थी तो दूसरी तरफ पुरूषो का हिम्मत भी जबाव दे गया था। सबसे बुरा हाल संजय की पत्नी का था। आलम यह था कि उन्हें ढांढस बंधाने आए रिश्तेदार तथा ग्रामीण उनके पहाड़ सरीखे दुख को देख खुद रो पड़ रहे थे। करीब घंटेभर बाद किसी तरह हिम्मत जुटा तीनों शवों को दरावाजे से अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया। शाव जाने के दौरान महिलाओं की चीख पुकार से गांव का माहौल गमगीन हो गया था।



### माता-पिता का इकलौता पुत्र था सत्यम

इस घटना में संजय मिश्र को बड़ा आघात पहुंचा है। एक तरफ उनके इकलौते पुत्र की मौत हो गई है तो दूसरी तरफ दो भांजे भी असमय काल के गाल में समा गए। जिस कारण वे घटना के बाद से ही बेसुध थे। मोहल्ले तथा रिश्तेदार उन्हें तथा उनकी पत्नी को संभालने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन ढांढस का एक भी मरहम उनके जख्मों को भरने में कामयाब नहीं हो पा रहा था। यही हाल प्रियांशु के पिता धनंजय का था। वे रोते हुए कह रहे थे कि उनका लड़का काफी होनहार था तथा हमेशा अपनी कक्षा में प्रथम आता था। धनंजय की मानें तो 1 अगस्त को ही उसका जन्मदिन था। उसने पिता से नई साइकिल दिलाने को कहा था। धनंजय उसे साइकिल देने का वादा किए थे। लेकिन नई साइकिल लेने के पहले ही वह दुनिया छोड़ चला। जबकि डुमरांव निवासी मनोज मिश्र का पुत्र अपने पिता के समान ही शांत, सरल व सहज स्वभाव का था। यही कारण है कि घटना के बाद से ही मनोज को मानों काठ मार गया है। इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया था। वही गांव में भी अफरा तफरी का माहौल था। सभी को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल बक्सर पहुंचाया गया। जहां डाक्टरों ने विकास, सत्यम व प्रियांशु को मृत घोषित कर दिया। जबकि प्रिंस की सांसे चल रही थी। जिसके बाद उसका इलाज शुरू किया गया।

### डुमरांव में भी पसरा मातम

लक्ष्मीपुर की घटना से डुमरांव में भी मातम पसर गया है। बता दें कि डूबने वालों में एक युवक विकास कुमार डुमरांव के वार्ड 30 के दक्षिणी तिवारी टोला के मनोज मिश्र का पुत्र था। उसके पिता दो दशक से हिन्दी पत्रकारिता में सक्रिय है तथा वर्तमान में वे प्रभात खबर के संवाददाता है। इस मनहूस खबर के मिलते ही डुमरांव में भी मायूसी छा गई। लोग दौड़े भागे उनके घर पहुंच मातमपूर्सी कर रहे थे। मोहल्ले में दोपहर से ही सन्नाटा पसरा था। दर्जनों लोग घटना स्थल पर पहुंच गए थे।

### जिले में शोक की लहर लोगों ने जताई संवेदना

इस खबर के मिलते ही डुमरांव के चेयरमैन प्रतिनिधि सुमित कुमार के नेतृत्व में स्वयंशक्ति की टीम सहित बड़ी संख्या में पत्रकार व सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मीपुर पहुंच पुत्रशोक से पीड़ित पत्रकार मनोज मिश्र तथा उनके ससुराल पक्ष को ढांढस बंधाया। शोक जताने वालों में सामाजिक कार्यकर्ता विक्की सिंह, राजन तिवारी, आशुतोष त्रिपाठी, डुमरांव विधायक प्रतिनिधि संजय शर्मा, राबिन चौबे, पिंटू यादव, गोला मिश्र, बप्पी तिवारी समेत दर्जनों पत्रकार व बुद्धिजीवी मौजूद थे।

# पुराना भोजपुर के युवक की तेलंगाना में हत्या, शव पहुंचते ही मचा कोहराम

**केटी न्यूज/डुमरांव**



पुराना भोजपुर के एक युवक की तेलांगना में हत्या कर दी गई है। घटना तीन दिन पहले की है। दरवाजे पर शव पहुंचते ही परिजनों में क्रंदन चित्कार मच गया है। मृतक पुराना भोजपुर उत्तर टोला के स्व काशी साह का 19 वर्षीय पुत्र राज कपिल साह हैं। चार भाईयों में सबसे छोटा है तथा परिवार की माली हालत सुधारने के लिए पिछले डेढ़ वर्षों से तेलांगना में मजदूरी कर रहा था। उसकी हत्या तेलांगना के कोथूर पुलिस स्टेशन के थिम्मापुर में की गई है। वह थिम्मापुर एचआईएल कंपनी में काम करता था। उसकी हत्या चाकू गोदकर व पत्थर से मार करने के बाद आरोपियों ने शव को मिट्टी खोद दबा दिया था। लेकिन दोस्तों की शिकायत पर पुलिस ने 24 घंटे के अंदर ही इस हत्याकांड का उद्भेदन करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उनकी निशानदेही पर शव भी बरामद कर ली।

जानकारी के अनुसार 18 जुलाई को वह ड्यूटी से आने के बाद अपने रूम से निकला और 19 जुलाई की रात पुलिस को उसकी लाश बरामद की। इस मामले में जहां तेलांगना पुलिस ने इसे प्रेम प्रसंग में हत्या की बात बताई है वही मृतक के भाई सूरज साह का कहना है कि उसका भाई प्रेम प्रसंग जैसे मामलों में उलझने वाला नहीं था। इस घटना की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। घटना के बाद गांव में भी मातम पसरा हुआ है।

- प्रेम प्रसंग में हत्या की बात कह रही है तेलांगना पुलिस, चार आरोपी गिरफ्तार







सावन के पावन महीने के अवसर पर सभी जिले वासियों, कांवरियों व ग्राहकों को शुभकामनाएं
जय श्रीमन्नारायण
HOTEL ANAND VIHAR & RESTAURANT
होटल आनंद विहार एंड रेस्टोरेंट





24 x 7 सेवा उपलब्ध
शादी-विवाह, तिलक, मुण्डन, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए बुकिंग कराएं।
- Fully air conditioned room
- Banquet Hall
- Conference Hall

RESTAURANT
स्वादिष्ट व सस्ता भोजन उपलब्ध
फास्ट-फूड, शाकाहारी व मांसाहारी
भोजन मेनू के अनुसार व्यवस्था
Near Dumraon Railway Station, BUXAR | Mob +91 8210408264

## अध्यक्ष का चुनाव होने के बाद लंबे समय से चले आ रहे विवाद पर लगा विराम

# प्रेम सागर कुंवर बने मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष

**केटी न्यूज/सिमरी**



सिमरी में लंबे समय से मुखिया संघ के अध्यक्ष पद पर चला आ रहा विवाद शुक्रवार को संपन्न हो गया। प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रखंड के दो पंचयातों को छोड़ अन्य पंचायतों के मुखियाओं की बैठक में सर्वसम्मति से डुमरी पंचायत के मुखिया प्रेम सागर कुंवर को मुखिया संघ का अध्यक्ष चुना गया। बता दें कि इसके पहले दो मुखिया खुद को सिमरी मुखिया संघ का अध्यक्ष बता रहे थे। जिससे पूरे प्रखंड में इस बात की चर्चा थी कि सिमरी में मुखिया संघ दो गुटों में बंट गया है। हालांकि बैठक के दौरान भी विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा था।

बैठक के दौरान दो पंचायतों के मुखिया बैठक से बाहर निकल गए। इसके पहले एकौना मुखिया अशोक राय के नेतृत्व में मुखिया संघ की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अध्यक्ष पद के लिए मुखियाओं में काफी बहस हुई। जिसके चलते दो पंचायतों के मुखिया बैठक से निकल गये। उसके बाद भी सत्रह मुखिया बैठक में शामिल रहे। वहीं बैठक में सबसे पहले मुखिया संघ के अध्यक्ष पद के लिए एकौना पंचायत के मुखिया अशोक राय का नाम सामने आया। लेकिन वह अध्यक्ष बनने से इंकार कर दिये। उसके बाद बैठक में शामिल मुखियाओं ने सर्वसम्मति से डुमरी पंचायत के मुखिया प्रेम सागर कुंवर को अध्यक्ष पद के चयन किया गया। वहीं बैठक में मुखिया संघ का उपाध्यक्ष राम नारायण कुमार, हिरामुनि देवी को कोषाध्यक्ष, काजीपुर पंचायत के मुखिया इम्तियाज अंसारी को प्रवक्ता, कानुनी सलाहकार के रूप देवन्ति देवी व सचिव के पद पर कविता देवी का चयन किया गया। वहीं बैठक में मुखिया संघ के अध्यक्ष ने कहा कि मुखियाओं की प्रतिष्ठा व विकासात्मक कार्यों में उनका सहयोग मिलता रहेगा। बैठक में मुखिया दिनेश कुमार पाण्डेय, धर्मराज चौरसिया, रामयश गोंड, अशोक रजक, प्रमोद पाण्डेय, सुनील यादव, राजेश यादव, बबन राम आदि मुखिया प्रतिनिधि मौजूद रहे।

R. L. COMPLEX
DUMRAON
TRENDS MALL
आपके बजट में डिजाईनिंग कपड़ों की विशाल रेंज उपलब्ध
R. L. COMPLEX 2nd & 3rd Booking open





Station road Dumraon
Near Vishnu bhgawan Mandir
Buxar, Bihar
Vinod Kumar Rai
Director
R. L. COMPLEX
ANAND VIHAR HOTEL & RESTAURANT
Mob - +918340717039

## सिकंदरपुर क्षेत्र में सात बीघा उपजाऊ भूमि कटकर सरयू में विलीन, मौके पर पहुंचे डीएम

# बलिया में सरयू के जलस्तर में तेजी से बढ़ोत्तरी के साथ विभिन्न स्थानों पर शुरू हुआ कटाव

**केटी न्यूज/बलिया**

सिकन्दरपुर क्षेत्र नें सरयू नदी के जलस्तर में वृद्धि जारी है तथा विभिन्न स्थानों पर कटान क्रमशः तेज होता जा रहा है। पिछले तीन दिनों में 7 बीघा क्षेत्रफल उपजाऊ भूमि कट कर नदी में विलीन हो गई है। कटान की स्थिति को देख कर सम्बन्धित किसानों की सांसें फूलने लगी हैं।वे सशंकित हैं कि इस बार सरयू मईया हमें बिल्कुल बर्बाद कर के ही छोड़ेंगी।

कटान का सर्वाधिक जोर दियारा दरौली में है जहां ढाही लगी हुई है और खरीद गांव के किसानों की उपजाऊ जमीन के बड़े बड़े टुकड़े पल-पल कटकर नदी में विलीन होते जा रहे हैं। यह स्थिति नदी द्वारा पूर्व की बजाय दक्षिण की ओर दबाव बना कर बहने के कारण है। वैसे तो दियारा दरौली में रामबहादुर यादव, दिनेश यादव, रामभवन यादव, योगेन्द्र यादव, राजनाथ यादव, मैनेजर यादव, मनोज यादव, चन्द्रमा यादव, प्रेमचन्द यादव, राजेश यादव, भोला यादव, भुनेश्वर यादव की कुछ न कुछ भूमि कट कर नदी में समाई है। इस दियारा में कटान की चपेट में आ कर सर्वाधिक 10 बीघा जमीन खरीद के प्रधान अवधेश यादव का नदी में विलीन हुई है।



■ राहत कार्य में तेजी लाने का दिया निर्देश, लिया कटाव का जायजा

**खरीद गांव से सटकर बहने लगी है सरयू :** बाढ़ व कटान क्षेत्रों के कवरेज के दौरान केशव टाइम्स की टीम ने पाया कि कटान से बर्बाद हो रहे किसानों में एक अजीब दहशत और मायूसी है। शासन व प्रशासन की उपेक्षा के बारे में चर्चा के दौरान अनेक किसानों का दर्द छलक आया। उन्होंने बताया कि कटान के कारण प्रति वर्ष हम बर्बाद होते हैं। हमारे जमीन का रकबा क्रमशः घटता जा रहा है किन्तु दैनिक जीवन चलाने हेतु न तो राहत सामग्री हमें प्रदान की जाती है।न ही अब तक जमीन के बदले मुआवजा के रूप में एक धेला हमें मिला। यह आरोप लगाया कि कटान का सर्वाधिक जोर तहसील क्षेत्र के पूरब की तरफ है जबकि प्रशासनिक अधिकारी पश्चिमी भागों का दौरा कर कटान के स्थिति का जायजा ले रहे हैं। किसानों ने बताया कि यदि कटान को रोकने हेतु ठोस व्यवस्था नहीं किया गया तो आगे चल कर सरयू नदी खरीद गांव से सट कर बहने लगेगी।

## घटनास्थल पर पहुंचे जिलाधिकारी रेस्क्यू आपरेशन में आई तेजी



सुल्तानपुर दियारे में गुरुवार को सरयू नदी में दो बच्चों के डूबने की घटना के बाद जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के निर्देश पर तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। शुक्रवार की सुबह जिलाधिकारी स्वयं घटनास्थल पर पहुंचकर जरूरी जानकारी ली। उन्होंने तत्काल टीम बढ़ाकर रेस्क्यू ऑपरेशन में तेजी लाने के निर्देश दिए। एनडीआरएफ टीम के कमांडर ने बताया कि डूब चुके दो बच्चों में एक का शव मिल गया है। बहुत जल्द दूसरे बच्चे को भी मिल जाने की उम्मीद जताई। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि परिजनों को हरसंभव मदद की कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने कटान का भी जायजा लिया। उन्होंने वहां के ग्राम प्रधान से पिछले साल की बाढ़ और इस साल की स्थिति की जानकारी ली। ग्राम प्रधान ने बताया कि हर साल लगभग एक किलोमीटर का क्षेत्र बाढ़ में समा जाता है और बाढ़ का पानी पास बने बांध तक पहुंच जाता है। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान को बाढ़ के दौरान शासन स्तर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

## बीएसए ने चार शिक्षक, दो शिक्षामित्र एवं एक अनुदेशक का रोका वेतन

**बलिया।** बीएसए मनीष सिंह ने हनुमानगंज, बेरूआरबारी व बांसडीह ब्लॉक के परिषदीय स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता, निपुण भारत अभियान की प्रगति, शिक्षक-छात्र उपस्थिति, कायाकल्प, मध्यान्ह भोजन योजना, साफ-सफाई आदि का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान चार अध्यापक समेत सात कर्मी अनुपस्थित मिले। सभी का अनुपस्थिति तिथि का वेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिया गया।

बीएसए गुरुवार को सबसे पहले हनुमानगंज ब्लाक के कम्पोजिट विद्यालय (बसंतपुर) पहुंचे। यहां सहायक अध्यापक कृष्णकांत यादव व नम्रता राय, अनुदेशक अरविंद कुमार, शिक्षामित्र सोनम मिश्रा और माया यादव अनुपस्थित थे। 602 छात्रों में 332 स्कूल आए थे। बीएसए ने बच्चों से बातचीत करके उनका बौद्धिक स्तर जानने का प्रयास किया। उन्होंने शिक्षकों से निपुण लक्ष्य जल्द से जल्द प्राप्त करने, छात्रों की उपस्थिति में सुधार करने, विद्यालय परिसर में साफ सफाई पर ध्यान देने को कहा। बेरूआरबारी ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय (बेरूआरबारी) में 278 के सापेक्ष 160 बच्चे उपस्थित मिले। यहां सहायक अध्यापिका आराधना मिश्रा गैर हाजिर थी। विद्यालय में बच्चों के अनुकूल शैक्षिक माहौल बनाने का निर्देश दिया गया। बीएसए ने शिक्षक डायरी, पाठ योजना आदि भी देखा।

## ट्रैक्टर ट्राली में बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**बलिया।** सुखपुरा थाना क्षेत्र के आसन गांव स्थित जटहा बाबा के समीप शुक्रवार की दोपहर खड़ी ट्रैक्टर ट्राली में बाइक की टक्कर होने से एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के आसन गांव निवासी राजकुमार 28 पुत्र रामवृक्ष शुक्रवार की दोपहर बाइक से कहीं जा रहे थे, इसबीच जटहा बाबा स्थान के समीप पहले से खड़ी ट्रैक्टर ट्राली में असंतुलित होकर टक्कर मार दिया। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों का रोते—रोते बुरा हाल है।

## सगे भाई ने फर्जी हस्ताक्षर कर बेच दी पुरखों की जमीन

**केटी न्यूज/बलिया**

त्रेता युग में रावण के संहार के पीछे उनके भाई विभीषण का हाथ बताया जाता है और तभी से घर का भेदी लंका ढाय वाली कहावत प्रचलन में आ गई। ठीक उसी प्रकार इस युग में कुछ ऐसा ही हुआ है कोट अंजोरपुर निवासी शिवकुमार मिश्र के साथ, सगे भाई ने बाहरी दुश्मनों से मिलकर शिवकुमार को करोड़ों रूपए का चूना लगा दिया और पैतृक संपत्ति से भी बेदखल कर दिया। अब पीड़ित शिवकुमार दर-दर की ठोकरें खाने को विवश है।

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि नरहीं थाना क्षेत्र के कोट अंजोरपुर शिवकुमार मिश्र शुक्रवार को सिविल



लाइन स्थित एसपी कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। इस दौरान मीडियो से बात करते हुए बताया कि यदि उन्हें इंसाफ नहीं मिलता है तो वे डीआईजी से लगायत सीएम और पीएम के दरबार में भी यदि जाना पड़े तो जाएंगे। एसपी को सौंपे गए ज्ञापन में शिवकुमार मिश्र ने आरोप लगाया कि उनके चाचा जी, चचेरे भाई एवं सगे भाई मिलकर शिवकुमार के खिलाफ साजिश रचकर फर्जी शपथ पत्र बनवाकर उनका नाम कटवा दिए है एवं जमीन को घुरहू नारायण के छपरा निवासी लोगों को बेच दिया है। बताया कि फर्जी तरीके से बेचे गए जमीन की कीमत लगभग दो करोड़ 43 लाख रुपए है। जबकि बाजार की कीमत वर्तमान में लगभग पांच करोड़ रुपए है।

शिवकुमार मिश्र ने बताया कि मेरे द्वारा धोखाधड़ी का विरोध करने पर मुझे जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उधर एसपी एसव आनंद ने फरियाद सुनने के बाद पीड़ित शिवकुमार मिश्र को भरोसा दिलाया कि वे शिवकुमार इंसाफ जरूर दिलाएंगे।

### एक नजर

## वृहद पौधरोपण जन अभियान के कार्यक्रम की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा

**बलिया।** ज़िलाधिकारी रवींद्र कुमार ने शुक्रवार को बसंतपुर में वृक्षारोपण जन अभियान 2023 के तहत होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। इसमें राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर मिश्र बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। जिलाधिकारी ने वहां लग रहे टेंट, मंच एवं वृक्षारोपण के लिए खोदे जा रहे गड्ढों के बारे में डीएफओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएफओ ने बताया कि यहां 500 लोगों में से 400 बच्चों को माध्यमिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों से बुलाया गया है। इनके लिए बाल भंडारा कार्यक्रम रखा गया है। इसके अलावा युवकमंगल दल, एनजीओ जैसे अन्य संगठन इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। इसके बाद जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी बच्चों के लिए खाने और पीने की व्यवस्था होनी चाहिए। गर्मी अधिक है इसलिए पानी की अधिकतम व्यवस्था होनी चाहिए। पानी की कमी नहीं होनी चाहिये। पानी के बोतलों और अन्य खाद्य के पैकेटों के कूड़े को रखने के लिए डस्टबिन की व्यवस्था होनी चाहिए। साफ सफाई की व्यवस्था के लिए एक प्रभारी होना आवश्यक है। बिजली की पूर्ति के लिए आपातकाल जनरेटर की व्यवस्था होनी चाहिए जिससे कि कार्यक्रम बांधित न हो। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि वृक्षारोपण करते समय बच्चों को मुख्य अतिथियों के साथ ग्रुप में खड़ा करके फोटो खींची जाने चाहिए। बच्चों के लिए कुछ समय के लिए कोई सांस्कृतिक कार्यक्रम संक्षिप्त में रख सकते हैं। निरीक्षण के दौरान डीडीओ राजित राम मिश्र, डीएफओ वीके आनंद सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



## बलिया जिलाधिकारी के प्रयास से जनपद में ट्रामा सेंटर शुरू होने की कवायद तेज

**बलिया।** जिलाधिकारी रवींद्र कुमार के विशेष प्रयास से जिला अस्पताल परिसर में स्थित ट्रामा सेंटर को शुरू करने की कवायद तेज हो गई है। जिलाधिकारी ने शुक्रवार को ट्रामा सेंटर पहुंच वहां की व्यवस्था का निरीक्षण किया। निर्देश दिया कि जो भी संसाधन हैं, उन्हीं से शुरूआत कर यहां की व्यवस्था हमेशा सुदृढ़ रखने का प्रयास करना है, ताकि सड़क दुर्घटना में घायलों की अधिक से अधिक लोगों की जान बचाई जा सके। उन्होंने कहा कि कोविड में लगाए गए स्टाफ व अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को यहां तैनात किया जाएगा। दुर्घटना की स्थिति में घायल की जान बचाने के लिए तत्काल एक निश्चित समय में ही इलाज की आवश्यकता होती है। इसलिए हमारा प्रयास है कि सीमित संसाधनों के बीच ही सही, ट्रामा सेंटर का संचालन की शुरूआत बेहतर ढंग से हो। इससे दुर्घटना में घायल अधिकांश मरीजों को रेफर करने से निजात मिलेगी और तत्काल इलाज मुहैया कराकर यहीं उनकी जान बचाई जा सकेगी। जिलाधिकारी ने शुक्रवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी वार्ड में जाकर मरीजों से बातचीत की और उनको मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं का सत्यापन किया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिया कि सरकार की ओर से जो सुविधाएं अनुमन्य है वह मरीजों तक बेहतर ढंग से पहुंचनी चाहिए। जिलाधिकारी ने अस्पताल में स्थापित वेंटिलेटर की स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष ख्याल रखा जाए कि मरीजों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो। उनको बेहतर इलाज मुहैया कराई जाए।



## आरबीएसके से मिला आयुष को नया जीवन

**मऊ।** कोपागंज क्षेत्र के घिंचौरा ग्राम निवासी आरुष चौहान पुत्र राजू चौहान को आर बी एस के (राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम) के अंतर्गत नया जीवन मिला है। पेशे से किसान राजू चौहान को 11 माह पहले पुत्र का जन्म हुआ ,जन्म से ही उनके पुत्र आरुष के होठ और तालू बीच से कटे हुए थे। जिससे आरुष को सांस लेने और दूध पीने में खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आरबीएसके टीम के प्रभारी डॉ. शैलजा कांत पांडेय, डॉ. ऋतु रंजीता राय और इश्तियाक अहमद की संयुक्त टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान उक्त बच्चे को चिन्हित किया। जनपद के डीईआईसी मैनेजर अरविंद वर्मा से संपर्क बना कर वाराणसी में कार्यक्रम के अधिकृत अस्पताल जीएस मेमोरियल हिस्पिटल में रेफर कर दिया। वाराणसी में बच्चे का सफल ऑपरेशन हो गया और बच्चा अब सामान्य जीवन जी रहा है। नि:शुल्क ऑपरेशन से जहां परिवार को बहुत हिम्मत मिली है, वहीं समाज में आरबीएसके की सराहना भी हो रही है।

## महिला की मौत पर परिजनों ने किया हंगामा चिकित्सक पर इलाज में लापरवाही का आरोप

**केटी न्यूज/बलिया**

खेजुरी थाना क्षेत्र के बालुपुर निवासी संतोष कनौजिया शुक्रवार को अपनी मां का स्वास्थ्य खराब होने पर इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर लेकर पहुंचा, जहां महिला की मौत हो गई। मृतका के पुत्र ने चिकित्सक द्वारा इलाज समय पर न किए जाने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया गया। सुचना पर पहुंचे उपजिलाधिकारी रवि कुमार पासवान क्षेत्राधिकारी भूषण वर्मा थानाध्यक्ष दिनेश पाठक चौकी प्रभारी रविंद्र पटेल ने अस्पताल पहुंचकर मामले को शांत कराया।

पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए कब्जे में लेने का प्रयास किया गया तो परिजन पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिए और शव को लेकर घर चले गए। मिली जानकारी के अनुसार खेजुरी थाना क्षेत्र के बालुपुर गांव निवासी कलावती देवी उम्र 60 वर्ष पत्नी सुरेंद्र कनौजिया अपने पुत्र के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर इलाज कराने के लिए लेकर आए हॉस्पिटल पर पहुंचने पर उपस्थित डॉक्टर से इलाज करने के लिए लगातार कहने लगे मेरी मां की हालत सीरियस है इनका इलाज करिए मौजुद डॉ ने उनसे कहा कि पहले पर्ची बनवा कर ले कर आइए तब हम इलाज करेंगे वह पर्ची बनाने के लिए पुरे हॉस्पिटल में इधर से उधर घूमते रहे लेकिन कोई पर्ची बनाने वाला नहीं था करीब आधा घंटा के बाद उनकी पर्ची बनी तब तक उनकी मां कलावती देवी पत्नी सुरेंद्र कनौजिया की मौत हो चुकी थी इस पर पूरे परिवार के लोग हॉस्पिटल में हो हल्ला मचाने लगे सूचना पाकर सपा विस अध्यक्ष राम जी यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनंत मिश्रा सहित अन्य सपा नेता अस्पताल पर पहुंच गए और देखते ही देखते अस्पताल में हंगामा शुरू हो गया।






### जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में राहत चौपाल का आयोजन

## प्रभावित इलाकों में बाढ़ चौकी 24 घंटे रहे सक्रिय: डीएम

**केटी न्यूज/मऊ**

जनपद के मधुबन तहसील के ग्राम सुग्गीचौरी में जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में राहत चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने बाढ़ के दौरान सक्रिय विभागों की तैयारियों की समीक्षा करने के साथ ही ग्रामीणों से भी बाढ़ के दौरान होने वाले समस्याओं की जानकारी लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

राजस्व विभाग द्वारा की गई तैयारियों की समीक्षा के दौरान संबंधित क्षेत्र के कानूनगों ने आपदा के दौरान होने वाली जन-धन की हानि पर मिलने वाले राहत अनुदानों के बारे में विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को दी। सुग्गीचौरी ग्राम के आसपास के गांव में बाढ़ के दृष्टिगत विस्थापित



लोगों के लिए चिन्हित शरणालय के बारे में जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने पहले से ही सारी तैयारियां पूर्ण रखने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र में संचालित बाढ़ चौकी को 24 घंटे सक्रिय रखने के निर्देश दिए। इस दौरान एनडीआरएफ टीम का हेल्पलाइन नंबर, नाविकों, गोताखोरों तथा कम से कम 30 ग्रामीणों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाए जाने की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने पर्याप्त मात्रा में लाइफ जैकेट, बाढ़ के दौरान प्रयोग होने वाले उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश उप जिलाधिकारी को दिए। सिंचाई विभाग की तैयारियों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सूरजपुर बांध के ऊंचाई एवं मरम्मत कार्य की जानकारी लेते हुए पर्याप्त मात्रा में ई सी बैग, नायलॉन क्रेट इत्यादि की व्यवस्था पूर्व में ही कर लेने को कहा।पुलिस विभाग द्वारा स्थापित बाढ़ चौकियों की जानकारी लेते हुए उन्होंने बाढ़ चौकियों पर कार्यरत कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करने के साथ ही बाढ़ के दौरान अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों के संबंध में जिलाधिकारी ने वर्तमान में संचारी रोगों एवं अन्य बीमारियों से बचाव हेतु क्षेत्र भ्रमण कर लोगों को जागरूक करने के भी निर्देश दिए। बाढ़ के दौरान विस्थापित पशुओं हेतु पर्याप्त मात्रा में भूसे व चारे का आकलन कर उसकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश जिलाधिकारी द्वारा पशु चिकित्सा अधिकारी को दिए गए।

# केसठ से सोनवर्षा को जोड़ने वाला एनएच गड्ढों में तब्दील, दुर्घटना की आशंका

- लोगों ने जनप्रतिनिधियों से सड़क की मरम्मत कराने की लगाई गुहार
- समुचित देखरेख के अभाव में अत्यंत जर्जर हो गई है सड़क

**केटी न्यूज/केसठ**



प्रखंड के केसठ गांव से होते हुए सोनवर्षा फोरलेन को जोड़ने वाली सड़क पर जगह-जगह गड्ढें उभर आए है। जिसे राहगीरों को फजीहत झेलनी पड़ रही है। करीब पांच किमी लंबी इस सड़क पर असंख्य गड्ढों के चलते वाहन चालकों के साथ-साथ आम जनता को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। राहगीर पप्पु कुमार, धर्मेंद्र पांडेय, मनोज सिंह, चंद्रकांत सिंह ने बताया कि सड़क पर गड्ढों के चलते लोग अक्सर गिरकर चोटिल हो जाते हैं। जबकि वाहन अनयंत्रित होने ने दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। लोगों ने जनप्रतिनिधियों से शीघ्र सड़क की मरम्मत कराने की गुहार लगाई है। बताया जाता है कि वर्षों पूर्व इस सड़क का निर्माण कराया गया था। लेकिन, समुचित देखरेख के अभाव में सड़क अत्यंत जर्जर हो गई है। इस सड़क से प्रतिदिन सैकड़ों छोटे-बड़े छोटे वाहन जिला मुख्यालय जाते है। वहीं, केसठ, नावानगर, कोरानसराय, चौगाई, भटौली, धेनुआडीह, रामपुर, दसियांव, कतिकनार, रघुनाथपुर, बैजनाथपुर, शिवपुर आदि दर्जनों गांवों के लोगों के आवागमन के लिए एकमात्र सड़क है। इस सड़क से आरा-पटना जाना आसान रहता है। राजद नेता सुनील कुमार यादव उर्फ पप्पू यादव ने कहा कि जब एनएच 319 बनने के दौरान ही सड़क पर जगह-जगह गड्ढे उभरने लगे थे। इसकी मरम्मत की ओर ध्यान नहीं देने पर बरसात में आवागमन ठप हो जाएगा। सड़क बदहाल होने से नावानगर पूर्वी क्षेत्र के पंचायत वासियों को प्रखंड मुख्यालय से लेकर अनुमंडल और जिला मुख्यालय जाने के लिए रोहतास के रास्ते से जाना पड़ेगा।

### विभाग की घोर लापरवाही से हुआ सड़क का बुरा हाल

भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र प्रताप पांडेय ने कहा कि सड़क की स्थिति दयनीय है। विभाग और जनप्रतिनिधियों से जल्द मरम्मत कराने की मांग की गई है। 2012 से 2017 तक इस सड़क की दो बार मरम्मत कराई गई है। लेकिन, अब यह चलने योग्य नहीं है। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत तिवारी ने कहा कि एनएच 319 से जोड़ने वाली सड़क की जर्जर स्थिति के लिए विभाग की घोर लापरवाही जिम्मेदार है।

**कई बार हो चुकी है दुर्घटना:** सड़क पर इस कदर गड्ढे उभर आए हैं कि वाहन चालकों सहित पैदल राहगीर गिरकर चोटिल होते रहते हैं। पिछले कुछ महीनों के आंकड़ों पर नजर डालें तो सड़क पर बने गड्ढों के कारण वाहन असंतुलित होने के अबतक आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो चुके हैं। बीते दिनों इस मार्ग पर एक टेपों पलट गई थी। इस ओर सरकार को अविलंब ध्यान देना चाहिए।

## एक नजर

### सरकार जब तक आशाकर्मियों की मांग नहीं मानती तब तक जारी रहेगा प्रदर्शनः आनंद



**नावानगर।** नौ सूत्री मांगों को लेकर नावानगर सीएचसी पर आशाकर्मियों का प्रदर्शन लगातार जारी है। प्रखंड के सभी आशाकर्मियों ने प्रदर्शन करते हुए अपनी मांग के समर्थन में सरकार विरोधी नारेबाजी की। प्रदर्शन में पहुंचे आशा के जिला मंत्री आनंद सिंह ने आशाकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार जब तक उनकी मांग नहीं मानती तब तक उनकी प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी यादव जब विरोधी दल के नेता थे तब उन्होंने कहा था कि हमारी सरकार होगी तो आशा बहनों एवं आशा फेसिलिटेटर को खुश कर देंगे, उनका मान देंगे। संयोगवश अब वे सत्ता में है। तो निश्चय ही आशा बहनों की मांग उन्हें पूरी करनी चाहिए। मौके पर प्रखंड स्तरीय आशा संघ की अध्यक्ष विमला देवी, प्रमिला कुमारी, अनीता कुमारी, संगीता कुमारी व कंचन कुमारी समेत प्रखंड के सभी आशा कर्मी मौजूद थी।

### विभिन्न प्रखंडों में बने अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाइयों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**बक्सर।** जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल के निदेर्शानुसार विभिन्न प्रखंडों में बने हुए अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का जांच विभिन्न पदाधिकारियों के द्वारा किया गया। भूमि सुधार उप समाहर्ता डुमरांव के द्वारा ब्रह्मपुर प्रखंड के कांट वार्ड संख्या 05, गायघाट वार्ड संख्या 02, निमेज वार्ड संख्या 09 एवं बगेन वार्ड संख्या 11 का पंचायत अंतर्गत निरीक्षण किया गया। अपर अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर के द्वारा बक्सर प्रखंड के जगदीशपुर वार्ड संख्या 08, महदह वार्ड संख्या 03 एवं सोनवर्षा वार्ड संख्या 14 का पंचायत अंतर्गत निरीक्षण किया गया। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने चौसा प्रखंड के चुन्नी वार्ड नंबर 08 एवं डिहरी वार्ड संख्या 9 का पंचायत अंतर्गत निरीक्षण किया गया। भूमि सुधार उप समाहर्ता बक्सर के द्वारा डुमरांव प्रखंड के लाखनडिहरा वार्ड नंबर 04, नंदन वार्ड नंबर 08, कसियां वार्ड नंबर 05, छतनवार वार्ड नंबर 09, चिलहरी वार्ड नंबर 11 एवं सोवां वार्ड नंबर 09 का पंचायत अंतर्गत निरीक्षण किया गया। जिला सहकारिता पदाधिकारी बक्सर के द्वारा नावानगर प्रखंड के मडिया वार्ड नंबर 09, कड़सर वार्ड नंबर 05, सिकरौल वार्ड नंबर 08 एवं आथर वार्ड नंबर 07 का पंचायत अंतर्गत निरीक्षण किया गया।

# मोहर्रम जुलूस निकालने के लिए लाइसेंस लेना जरूरीः एसडीएम



**केटी न्यूज/डुमरांव**

शुक्रवार को डुमरांव थाना परिसर में मोहर्रम को ले शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता एसडीओ कुमार पंकज ने की। बैठक में एसडीओ ने उपस्थित सदस्यों को शांतिपूर्ण माहौल में ताजिया जुलूस निकालने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होने स्पष्ट कहा कि बिना लाइसेंस किसी भी कमेटि को जुलूस नहीं निकालने दिया जाएगा।

उन्होंने सभी ताजिया कमेटि के अध्यक्ष, सचिव तथा अन्य सदस्यों से लाइसेंस लेने के बाद शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस में शामिल होने की बात कही। इस दौरान जुलूस के रूट चार्ट तथा समय पर भी चर्चा हुई। निर्धारित रूट पर ही जुलूस निकालने को कहा गया तथा तय समय के बाद जुलूस जारी रहने पर ताजिया कमेटि पर कार्रवाई करने की बात एसडीओ ने कही। इस दौरान सदस्यों ने मोहर्रम के दिन बिजली पानी की व्यवस्था सुदृढ़ रखने की मांग की। जिस पर नगर परिषद प्रशासन को जलापूर्ति तथा बिजली कंपनी को जुलूस से पूर्व निर्बाध गति से बिजली देने को कहा गया। वही एसडीओ ने बताया कि जलूस के दौरान विधि व्यवस्था संधारण के लिए दंडाधिकारियों के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। उपद्रवी तत्वों पर नजर रखी जाएगी। बैठक में थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम, मोहनजी गुप्ता, इस्लाम अंसारी, वार्ड पार्षद अमर पासवान, भाजपा नेता चुनमुन प्रसाद वर्मा, सोहराब कुरैशी, मदन चौबे समेत कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

### डीएम के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारियों ने किया निरीक्षण

# अमृत सरोवरों के सौंदर्यीकरण में खामी मिली तो होगी कार्रवाई

**केटी न्यूज/बक्सर**



शुक्रवार को डीएम अंशुल अग्रवाल के निर्देश पर सौंदर्यीकरण किए जा चुके अमृत सरोवरों की जांच प्रखंड विकास पदाधिकारियों द्वारा की गई सभी प्रखंड विाकस पदाधिकारी अपने प्रखंड को छोड़ निर्धारित प्रखंडों में जाकर अमृत सरोवर योजना के तहत सौदर्यीकरण किए गए तालाबों व जलाशयों का निरीक्षण किया। इस दौरान यदि उनके जांच प्रतिवेदन में किसी पंचायत में खामी पाई जाएगी तो संबंधित लोगों पर डीएम द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी बक्सर के द्वारा राजपुर प्रखंड के मटकीपुर, दुल्फा एवं खरहना पंचायत अंतर्गत गोगही, दुल्फा एवं रामपुर ग्राम में पूर्ण हुए कार्य का निरीक्षण किया गया।

प्रखंड विकास पदाधिकारी इटाढ़ी के द्वारा चौसा प्रखंड के पलिया, डेहरी एवं पवनी पंचायत अंतर्गत पिथारी, डेहरी एवं पवनी ग्राम में पूर्ण हुए कार्य का निरीक्षण किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी चौसा के द्वारा बक्सर प्रखंड के महदह, सोनवर्षा, कमरपुर एवं बोक्सा पंचायत अंतर्गत महदह, दहिवर, कमरपुर एवं बोक्सा ग्राम में पूर्ण हुए कार्य का निरीक्षण किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी राजपुर के द्वारा इटाढ़ी प्रखंड के हकीमपुर, विक्रम इंग्लिश एवं हरपुर जलवासी पंचायत अंतर्गत मंगोलपुर, लोधास, खनिता एवं देवस्थापुर ग्राम में पूर्ण हुए कार्य का निरीक्षण किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी डुमरांव के द्वारा नावानगर प्रखंड के मडिया, सोनवर्षा एवं बाबूगंज पंचायत अंतर्गत सारा, सोनवर्षा एवं केवटिया में पूर्ण हुए कार्य का निरीक्षण किया गया।

प्रखंड विकास पदाधिकारी सिमरी द्वारा डुमरांव प्रखंड के नुआंव, कुशलपुर एवं नंदन पंचायत अंतर्गत कृष्णब्रह्म, नेनुआ एवं नंदन ग्राम में पूरे किए गए कार्यों का निरीक्षण किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ब्रह्मपुर के द्वारा सिमरी प्रखंड के काजीपुर, कठार एवं ढकाइच पंचायत अंतर्गत काजीपुर, भरतपाव एवं ढकाइच में जबकि प्रखंड विकास पदाधिकारी चक्की द्वारा ब्रह्मपुर प्रखंड के बगेन, भदवर एवं गहौना पंचायत अंतर्गत बगेन, भदवर एवं महाराजगंज में एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी नावानगर के द्वारा चौगाई एवं केसठ प्रखंडों के चौगाई एवं केसठ पंचायत अंतर्गत कैडी डेरा एवं केसठ (पोखरा टोला) ग्राम में पूर्ण कार्य का निरीक्षण किया गया। डीएम द्वारा दूसरे प्रखंडो के बीडीओ से निरीक्षण कराए जाने के बाद यह माना जा रहा है कि अमृत सरोवर निर्माण योजना में मानकों की अनदेखी करने वालों पर गाज गिरनी तय है। डीएम ने कहा है कि अमृत सरोवरों को विकसित करने तथा उन्हें अतिक्रमणमुक्त कराना राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।






### बिरनो ब्लाक के डाडी खुर्द गांव में ग्राम चौपाल का आयोजन, डीएम ने सुनी फरियाद

# ग्रामीणों की शिकायत पर सचिव निलंबित

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन विकास खंड बिरनो के ग्राम डाड़ी खुर्द में किया गया। सचिव ग्राम डाड़ी खुर्द मनोज यादव के कार्य में लापरवाही एवं ग्रामीणों द्वारा शिकायत किए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित का वेतन रोकते हुए निलंबन की कार्रवाई का निर्देश दिया। साथ ही तीन माह से राशन न उठाने के कारण आपूर्ति विभाग द्वारा संबंधित महिला का राशन कार्ड से नाम काटे जाने एवं गांव के ही आशा संगनी एवं एएनएम का कार्य संतोषजनक न पाए जाने पर स्पष्टिकरण देने का निर्देश दिया।

डीएम ने प्राथमिक विद्यालय गंगापुर में कक्षों में टाइल्स लगाने, जितने भी सामुदायिक शौचालय बने उसे क्रियाशील करते हुए उसमें साफ-सफाई का निर्देश दिया। चौपाल में जिलाधिकारी ने व्यक्तिगत शौचालय, आवास, हैंड पम्प, वृद्धापेंशन, दिव्यांगजन पेंशन, विधवा पेंशन, राशन वितरण के संबंध में जानकारी



■ व्यवहार परिवर्तन कर पानी के दोहन को रोकने व पौधे लगाने को किया गया जागरूक

ली एवं प्रत्येक पात्रों को योजना का लाभ दिए जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने बच्चों के टीकाकारण एवं ई-कवच पोर्टल पर फीडिंग एवं दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। पेंशन के छुटे हुए लाभार्थी को तत्काल लाभ दिलाने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि कोटेदार फूड सेफ्टी से संबंधित सारे नियमों का पालन करते हुए साफ -सफाई का ध्यान रखेंगे। उन्होंने ग्राम में छूटे पात्र व्यक्तियों के राशन कार्ड बनाए जाने एवं छुटे हुए नामों को बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने बीसी सखी से गांव में किए गए कार्यो की जानकारी ली तथा गांव के ऐसे बूढ़े-बुजुर्ग जो बैंक तक नहीं जा सकते, उनकी बैंकिंग सेवा में सहयोग के लिए बीसी सखी को निर्देश देते हुए गांव में स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाने को कहा। ग्राम चौपाल में सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचने का सत्यापन किया गया। ग्रामवासियों को खुली बैठक में सरकार द्वारा संचालित लाभार्थी परक योजनाओं की भी जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए पेंशन योजना का लाभ दिलाए जाने के संबंध में निर्देशित किया।

**पात्र लाभार्थियों का चयन कर दें पेंशन का लाभ :** जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निराश्रित, विधवा एवं वृद्धावस्था पेंशन के पात्र लाभार्थियों का चयन कर पेंशन का लाभ दिए जाने का निर्देश दिया। चौपाल में प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को अध्यापकों द्वारा दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता/स्तर के संबंध में भी खुली चौपाल के दौरान ग्रामवासियों से सत्यापन किया। उन्होंने ग्रामीणों से भी अपील की कि अपने बच्चों का नामांकन विद्यालय में कराएं। बैठक में हैंडपंप रिबोर, छात्रवृत्ति, मनरेगा आदि कार्यो के बारे में भी सत्यापन किया गया। व्यक्तिगत शौचालय के पात्र लाभार्थियों का आनलाइन आवेदन कराने का निर्देश संबन्धित अधिकारियों को दिया। बाल विकास की समीक्षा के दौरान गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण तथा पुष्टाहार वितरण तथा कोटेदार द्वारा समय से राशन बांटने एवं बिजली की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली।

## रहे सवाधान... संक्रमण के कारण लोगों की आंखों में तेजी से फैल रहा कंजक्टिवाइटिस

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



जनपद के नंदगंज इलाके में वायरल संक्रमण की वजह से लोगों की आंखों में संक्रमण (कंजक्टिवाइटिस) तेजी से फैल रहा है। मरीजों के आंखों में जलन, खुजली, लाल होना या सूजन जैसी समस्याएं पैदा हो गई हैं। घर के किसी व्यक्ति को संक्रमण होने पर पूरा परिवार कंजक्टिवाइटिस से पीड़ित हो जा रहा है। नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नंदगंज के चिकित्सा प्रभारी डॉ. पंकज कुमार ने बताया कि आंख आना या पिंक ऑई को चिकित्सीय भाषा में कंजक्टिवाइटिस कहते हैं।

अधिकांशतः बारिश में यह एक्यूट या क्रॉनिक दोनों ही रूपों में होती है। एक दो सप्ताह में यह स्वतः ठीक भी हो जाती है, लेकिन कई मरीजों में इसके गंभीर लक्षण दिखाई देते हैं। ऐसे में आंखों के संक्रमण की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए और जितनी जल्दी हो सके डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। अस्पताल में प्रतिदिन 10 से अधिक कंजक्टिवाइटिस से पीड़ित मरीज आ रहे हैं । बच्चों को संक्रमण होने पर स्कूल नहीं भेजें। हाथों को धोना न भूलें और हाथ से आंखों को छूने से बचें।तौलिए या रुमाल किसी के साथ साझा न करें। धूप के चश्मे का प्रयोग करें। महिला चिकित्सक डॉ. शालिनी भास्कर ने बताया कि कंजक्टिवाइटिस बैक्टीरियल, वायरल के साथ-साथ हैमरेजिक भी होते हैं। कंजक्टिवाइटिस जिस आंख में हुआ है, उसी करवट सोना चाहिए। ऐसे में एंटीबायोटिक आइ-ड्रॉप, ऑयंटमेंट लगाने की सलाह दी जा रही है।




# गंगा उफान पर: जलस्तर में लगातार वृद्धि जारी

**केटी न्यूज/चंदौली**

गंगा अपना रौद्र रूप दिखाने लगी हैं । गुरुवार की रात से नदी में अब तक दो फीट पानी बढ़ गया है। पानी बलुआ घाट पर सीढ़ियों पर चढ़ते हुए शमशान घाट पर के तरफ पहुंच रहा है। गंगा नदी के तटवर्ती गांवों के ग्रामीणों में दहशत व बैचैनी दिखने लगी है। गंगा में लगातार पानी बढ़ने से तटवर्ती गांवों व किसानों में चिंता सताने लगी है।

तटवर्ती गांव भुपौली, डेरवा,महड़ौरा, कांवर, महुअरिया, पकड़ी, विशुपुर, महुआरी खास, सराय, बलुआ, डेरवा कला, महुअर कला, हरधन जुड़ा, बिजयी के पूरा, गणेश के पूरा, सोनबरसा, टांडाकला, महमदपुर सरौली, जमालपुर, बड़गांवा, तीरगांवा, हसनपुर, नादी निधौरा सैफपुर आदि गांवों में गंगा के जलस्तर में तेजी



से बढ़ावा होने से किसानों की हजारों एकड़ उपजाऊ जमीन गंगा में समाहित हो चुकी है। किसानों का कहना है कि हमलोगों का हर वर्ष बाढ़ आने से कुछ न कुछ जमीन गंगा नदी में समाहित हो जाती है। वहीं खेतों में बोई गई सैकड़ों एकड़ फसल बाढ़ के पानी में डूब कर बर्बाद हो जाती है। गंगा के तटवर्ती गांवों में झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों को भोजन की विकट समस्या उत्पन्न हो जाती है साथ ही विषैले जानवरों का खतरा बना रहता है। किसानों के रोजी-रोटी पर भी संकट मंडराने लगता है। बाढ़ में उपजाऊ भूमि गंगा नदी में समाहित होने पर किसानों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों द्वारा गंगा कटान रोकने का वादा सिर्फ वादा ही रह जाता है। आज तक कटान रोकने का कोई ठोस उपाय नहीं हुआ है।

# समाज सेवी मीरा राय के साथ दुर्व्यवहार मामले के विरोध में अधिवक्ता हड़ताल पर

**गाजीपुर।** उप जिलाधिकारी मुहम्मदाबाद द्वारा प्रमुख समाज सेविका मीरा राय के साथ दुर्ब्यवहार किए जाने के खिलाफ मुहम्मदाबाद के अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को उप जिलाधिकारी के कृत्य की निन्दा करते हुए हड़ताल पर रहे।

सिविल बार एसोसिएशन मुहम्मदाबाद की बैठक में उप जिलाधिकारी मुहम्मदाबाद सालिक राम द्वारा 20 जुलाई को जन समस्याओं को लेकर उनसे मिलने के लिए गई। प्रमुख समाज सेविका मीरा राय के साथ दुर्ब्यवहार कर अपमानित करने के बाद अपने चेंबर से बाहर कर देने की कटु निन्दा करते हुए न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया तथा प्रस्ताव की प्रति राजस्व परिषद व महिला आयोग को भेजकर बदमिजाज अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की। ताकी इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते मुहम्मदाबाद के दीवानी व राजस्व के सभी न्यायालयों में न्यायिक कार्य ठप रहा। बैठक की अध्यक्षता बार के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र यादव व संचालन सचिव सतीश कुमार प्रजापति ने किया। उधर इसी प्रकरण में नगर के प्रतिष्ठित नागरिकों की एक बैठक शंकर कोल्ड स्टोरेज के सभाकक्ष में हुई। जिसमें उपजिलाधिकारी के इस हरकत की कटु निन्दा की गई। पूर्व ब्लाक प्रमुख श्रीमती चन्दा यादव ने कहा की समाजसेविका के साथ बदसलूकी पूरी महिला समाज का अपमान है। ऐसे बदमिजाज अधिकारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। डीसीबी के निदेशक कृपाशंकर राय ने कहा कि सादगी की प्रतिमूर्ति समाजसेवी मीरा राय लगभग 30 वर्षो से गरीब दु:खी महिलाओं की सेवा व अनाथ निराश्रित बच्चों व वृद्ध महिला पुरूषों की सेवा में लगी हैं।

## चिकित्सकीय प्रतिष्ठानों का पंजीकरण, नवीनीकरण जरूरी: सीएमओ

**चंदौली।** जनपद में निजी नर्सिंग होम, चिकित्सालय, क्लीनिक, पैथालाजी, एक्स-रे सेंटर, डेंटल क्लीनिक, फिजियोथेरेपी सेंटर व चिकित्सकीय प्रतिष्ठान के संचालकों को अपना पंजीकरण व नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। जांच में खामियां मिली तो संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मुख्य चिकित्साधिकारी डा वाईके राय ने बताया कि जनपद में किसी भी चिकित्सकीय प्रतिष्ठान के संचालन से पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी के कार्यालय में पंजीकरण कराना व पंजीकृत प्रतिष्ठानों का प्रत्येक वर्ष नवीनीकरण कराया जाना अनिवार्य है। जनपद के समस्त निजी नर्सिंग होम, चिकित्सालय ,क्लिनिक व चिकित्सकीय प्रतिष्ठानों के संचालक अपना पंजीकरण करा लें नहीं तो किसी भी प्रकार का चिकित्सकीय कार्य का संचालन करते पाया गया तो संचालक के खिलाफ मेडिकल काउंसिल एक्ट के तहत विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# महिलाओं को जागरूक करने के लिए विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजीपुर के आदेश पर शुक्रवार को दोपहर बाद एक बजे से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा राष्ट्रीय महिला आयोग के तत्वावधान में महिलाओं को जागरूक किए जाने के संबंध में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन जखनियां तहसील के माता तेतरी देवी महाविद्यालय अलीपुर मदरा में किया गया।



उपरोक्त शिविर के सफल आयोजन किए जाने के लिए रिसोर्स पर्सन के रूप में नामित नवीन कुमार राय द्वारा शिविर में उपस्थित रहकर मौजूद छात्राओं को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में बताया कि महिलाओं के अधिकरों का हनन न हो इसलिए आवश्यकता है कि महिलाएं पूर्ण रूप से जागरूक हों। शिविर में सर्वाइकल कैंसर के बारे में जागरूक करते हुए सावधानी एवं उपचार के बारे में बताया गया। आयोजित शिविर में सत्येन्द्र कुमार मौर्य, नायब तहसीलदार, जखनियां, प्रमोद कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक, रामप्रीति सिंह, प्राचार्य, माता तेतरा देवी महाविद्यालय, अलीपुर मदरा, जखनियां, बृजेश सिंह यादव, लेखपाल, आलोक चौहान सहायक अध्यापक, सपना पांडेय सहायक अध्यापिका, काशीनाथ सिंह सहायक अध्यापक, रमेश गिरी सहायक अध्यापक, प्रमोद कुमार यादव अध्यापक, विनय कुमार सिंह, सन्तोष कुमार यादव, पराविधिक स्वयं सेवक तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजीपुर के कर्मचारी अवधेश कुमार शर्मा व अरविन्द कुशवाहा मौजूद रहे।

### कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित कार्यशाला में किसानों को प्राकृतिक खेती के तरीके बताए

# प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर होना जरूरी: डॉ. एसपी

**केटी न्यूज/चंदौली**

कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में शुक्रवार को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्राकृतिक खेती कब, क्यों और कैसे विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विज्ञानियों ने किसानों को प्राकृतिक खेती कैसे करें और होने वाले लाभ की विस्तार से जानकारी दी। केवीके के प्रभारी डॉ. एसपी सिंह ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से हमारी मृदा की सेहत दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। किसान अधिक उपज की चाहत में अंधाधुंध रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग कर रहे हैं। इससे मिट्टी के पोषक तत्व तो नष्ट हो ही रहे हैं, हमारी सेहत पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में हमें गो आधारित



प्राकृतिक खेती की ओर से अग्रसर होने की जरूरत है। विज्ञानी व प्राकृतिक खेती के नोडल अधिकारी डॉ. अमित सिंह ने कहा कि प्राकृतिक खेती को रसायन मुक्त खेती के रूप में भी परिभाषित किया जा सकता है। इसमें केवल प्राकृतिक आदानों का उपयोग होता है। कृषि-पारिस्थितिकी में अच्छी तरह से आधारित, यह एक विविध कृषि प्रणाली है जो फसलों, पेड़ों और पशुधन को एकीकृत करती है। इससे कार्यात्मक जैव विविधता के इष्टतम उपयोग की सुविधा मिलती है।

प्राकृतिक खेती कई अन्य लाभों, जैसे कि मिट्टी की उर्वरता और पर्यावरणीय स्वास्थ्य की बहाली, और ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन का शमन या निम्नीकरण, प्रदान करते हुए किसानों की आय बढ़ाने का मजबूत आधार है। प्राकृतिक खेती प्राकृतिक या पारिस्थितिक प्रक्रियाओं, जो खेतों में या उसके आसपास मौजूद होती हैं, पर आधारित होती है। मृदा विज्ञानी डॉ. हनुमान पांडेय ने कहा कि प्राकृतिक खेती से ही मृदा की सेहत को सुधारा जा सकता है। किसान गोबर की खाद का प्रयोग करें तो उपज तो अच्छी होगी ही मिट्टी के पोषक तत्वों में भी बढ़ोतरी होगी। ऐसे में किसानों को अपने खेतों में गाय के गोबर के उपयोग पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। कार्यशाला को विज्ञानी डा रितेश गंगवार, डा अभयदीप गौतम आदि ने भी संबोधित किया। कार्यशाला में पुरूष किसानों के साथ महिला किसान भी उपस्थित रहीं।

